मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



वर्ष : ०९ अंक :२२ मुंबई, शुक्रवार, ०८ मार्च से १४ मार्च २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

## मालाड मालवणी में परियोजना का भूमिपूजन सांसद गोपाल शेट्टी के हाथों संपन्न





नारियल फोड़कर भूमिपूजन करते हुए सांसद गोपाल शेट्टी. साथ में भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष आर.यू. सिंह, मुंबई प्रवक्ता संजय ठाकुर, उ.मुं. जिला अध्यक्ष ,विनोद शेलार, मालाड तालुका अध्यक्ष जॉन डेनिस और विधायक असलम शेख के अलावा अन्य।

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई,** मालाड पश्चिम के क्षेत्र मालवणी स्थित सी.टी.एस. नं. २८४० और २० एकड परिसर में फैले भूखंड पर स्कूल, खेल मैदान और सड़क के काम का भूमिपूजन रविवार दिनांक ०३ मार्च २०१९ को सांसद गोपाल शेट्टी के हाथों संपन्न हुआ। इस समारोह में उत्तर मुंबई सांसद गोपाल शेट्टी, भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष आर.यू. सिंह, मुंबई प्रवक्ता संजय ठाकुर, उ.मुं. जिला अध्यक्ष विनोद शेलार, मालाड तालुका अध्यक्ष जॉन डेनिस के अलावा काँग्रेस पार्टी के विधायक असलम शेख व अन्य मान्यवरों के साथ क्षेत्र के तमाम नगरसेवक मौजूद थे। भूमिपूजन के मौक पर सांसद गोपाल शेट्टी ने कहा कि गत ४० सालों से मालवणी कि आम जनता खेल के मैदान कि आस लगाए बैठी है। इस हेतू आरक्षित प्लॉट सरकारी अनुमती प्राप्त न होने कि वजह से वह खाली पडा था। कई जनप्रतिनिधी आये और गये पर आम जनता के लिये मैदान मुहय्या कराने में सब असफल रहे। मैंने ४ सालों से दिल्ली कि विभिन्न संस्थाए और वहा के प्रशासन से लगातार पत्र व्यवहार और संघर्ष किया। सांसद गोपाल शेट्टी ने आगे कहा कि मैदान के लिए हमने पुलिस और प्रशासन के सभी नियमों का पालन किया है।

४० सालों से २० एकड जमीन खाली पडी थी। मालवणी में इतनी बडी जगह होन के बावजुद मालवणी की जनता उसका लाभ नहीं उठा सकी। इस जगह पर सीपीडब्लूडी (सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट) का मालिकाना हक है। वह आम जनता को मुहय्या करने के लिए सीपीडब्लूडी द्वारा कोई कार्यवाई नहीं की गयी। किंतु मैंने भी निश्चय किया था कि किसी भी हालात में इस प्लॉट पर आम जनता के खेल का मैदान, स्कुल और डीपी रास्ता बना के रहूंगा। मालाड, मालवणी में सरकारी स्कूल नहीं है। केंद्र सरकार के शहर विकास मंत्रालय द्वारा उच्च एव सेकंडरी स्कुल निर्माण हेतू मंजुरी प्राप्त होने से यहा केंद्रीय विद्यालय साकार होगा। अच्छे और उच्च शिक्षा कि समस्या हल होगी। सांसद गोपाल शेट्टी ने कहा कि मालवणी और मालाडवासियों के लिए इस मैदान से एक रास्ता जायेगा। यह रास्ता लघुन रोड तक रहेगा जिससे ट्रैफिक की समस्या कम होगी। भविष्य में यहा बडा स्वीमींग पूल तैयार करने की मेरी इच्छा है। स्वीमींग पूल जैसी सुविधा केवल अमीर लोगों के लिए नहीं बल्की आम आदमी भी इस सुविधा का लूफ्त उठा सकता है यह मुझे साबित करना है।' अंत में सांसद शेट्टी ने उपस्थित जनसमुदाय को संकल्प करने का आवाहन किया, आम जनता की सेवा में हम सब एक होकर अच्छा कार्य करें, यदी ऐसा हुआ तो हम आम जनता के लिए बेहतरीं सुविधा मुहय्या कर पायेंगे और साथ ही आपसी भाईचारा भी बना रहेगा।'

मालाड पश्चिम विधानसभा के काँग्रेसी विधायक असलम शेख ने सांसद गोपाल शेट्टी के कार्यों की सराहना की और कहा कि ४० वर्षों का काम उन्होने मात्र ४ वर्षों में किया है।कार्यक्रम के अध्यक्ष और उत्तर मुंबई जिलाध्यक्ष विनोद शेलार ने कहा, 'मालाड, मालवणी के इतिहास में आज का दिन ऐतिहासिक है। कई नेता आये पर केवल गोपाल शेट्टी ने यहा मैदान आम जनता कि सेवा में उपलब्ध कराने का बिडा उठाया।

उनके दृढ निश्चय के कारण कार्यकर्ता और जनता को साथ लेकर किए गये आंदोलन कि गुंज दिल्ली के मंत्री और प्रशासन तक पहूंची।

## मुंबई में म्हाडा बनाएगी २५ हजार नए घर

**मंजु तिवारी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र गृहनिर्माण व क्षेत्रविकास प्राधिकरण (म्हाडा) अगले कुछ वर्षों में गोरेगांव इलाके में २५,००० नए घर बनाएगा। इनमें से ७,००३ घर पहाड़ी-गोरेगांव और १८,००० घर मोतीलाल नगर में तैयार किए जाएंगे। सस्ते घर मुहैया करवाने के साथ प्राधिकरण ने २५,००० करोड़ रुपये की कमाई का भी रास्ता खोज लिया है। म्हाडा सभापति मधु चव्हाण के अनुसार, गोरेगांव के मोतीलाल नगर में १४३ एकड़ में ५,००० करोड़ की परियोजना पर काम किया जा रहा है। यहां पुनर्वसन के लिए ३,७०० घर बनाने के बाद भी म्हाडा को बिक्री के लिए १८,००० घर मिलेंगे। इन घरों को बेचकर आसानी से २५,००० करोड़ रुपये की कमाई की जा सकती है। वैसे, किफायती घरों के लिए म्हाडा ने १,९४५,४५ करोड़ रुपये की योजना अलग से बना रखी है।





बेहद कम आय के लिए सर्वाधिक घर पहाड़ी गोरेगांव में जल्द ही ७,००३ घरों का निर्माण का शुरू हो जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत १,९४७ घर तैयार किए जाएंगे। ईडब्लूएस (बेहद कम आय) के सर्वाधिक २,००० घर, एचआईजी (कम आय) के ७९२, एमआईजी (मध्य आय) के ७६८ घर और एलआईजी (उच्च आय) के लिए १,६०० घर बनाए जाएंगे।

म्हाडा का ८,२५९ करोड़ का बजट पेश पिछले कई वर्षों से घाटे में चल रहे म्हाडा ने वर्ष २०१९-२० के लिए १,५६६.६३ करोड़ के मुनाफे का बजट पेश किया। मंगलवार को म्हाडा ने कुल ८,२५९.७५ करोड़ का बजट पेश किया है। बजट के मुताबिक, म्हाडा के पास मौजूदा समय में ८४० करोड़ रुपये डिपॉजिट है। प्राधिकरण ने आगामी वर्ष में ६,६९२ करोड़ रुपये का खर्च दिखाया है। लगातार सफल होती योजनाओं की वजह से साल दर साल म्हाडा ने सरकार से अनुदान राशि लेना कम कर दिया है। २०१८-१९ में म्हाडा ने सरकार से २०२ करोड़ रुपये अनुदान के तौर पर लिए थे, जो २०१९-२० में घटकर ९८ करोड़ हो गए।

जमीन के लिए १०० करोड़ मुंबई में जमीन खरीदने के लिए बजट में १०० करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। म्हाडा को बोरीवली में ७ एकड़ जमीन खरीदने का प्रस्ताव मिला है। मुंबई बोर्ड म्हाडा ने दुकानों को बेच कर घाटे की भरपाई की योजना बनाई है। म्हाडा २७६ दुकानों की नीलामी करने वाली है। इन दुकानों की नीलामी से बोर्ड को १०० करोड़ का घाटा कम होने की उम्मीद है। घाटे में मुंबई बोर्ड म्हाडा का राज्य का बजट जहां फायदे में दिख रहा है, वहीं म्हाडा का मुंबई बोर्ड का बजट ३०४ करोड़ रुपये घाटे में रहा है। म्हाडा सभापति मधु चव्हाण के अनुसार, २०१९-२० का मुंबई म्हाडा का बजट २,२२१ करोड़ रुपये का है, जबकि जमा राशि १,९१७ करोड़ रुपये है। पिछली सरकार की तरफ से समय पर निर्णय न लेने की वजह से म्हाडा बकाया राशि वसूल नहीं पाई है। इस वजह से बोर्ड को घाटा हुआ है।

## घनकचरा शुल्क सरकारी दर से मीरा-भाइंदर मनपा प्रशासन का यू-टर्न

**गोविंद अग्रवाल**

**भाइंदर :** राज्य सरकार द्वारा घनकचरा शुल्क की दर जारी करने के बाद मनपा प्रशासन भी अब नागरिकों पर लगाए गए घनकचरा शुल्क को कम करेगा। जिन लोगों ने अभी तक घनकचरा बिल नहीं अदा किया है, उन्हें इससे राहत मिली है वहीं जिन्होंने बिल अदा कर दिए हैं उनके पैसे वापस किए जा सकते हैं। एक तरह से सरकार की इस दर ने मनपा के पर कतर दिए हैं, ऐसी चर्चा है। मीरा-भाइंदर मनपा प्रशासन ने नागरिकों को जनवरी २०१९ से घनकचरा शुल्क के बिल भेजना शुरू किया था। संपत्ति कर के अतिरिक्त इस बिल को देखकर लोगों में नाराजगी का माहौल था।

घनकचरा निस्सारण अधिनियम २०१६ के अनुसार कचरे को इकट्ठा करने के लिए नागरिकों से यह शुल्क वसूलना मनपा के लिए अनिवार्य है।

फरवरी २०१८ में आवासीय क्षेत्र के लिए १ रुपए, व्यावसायिक क्षेत्र के लिए १.५० रुपए और होटल, लॉज के लिए ३ रुपए प्रति वर्गफुट की दर से



निकलने वाले घरों से मात्र ५० रुपए और व्यवसायिक संस्थानों से ७५ से १२५ रुपए वसूलना तय किया गया है। राज्य सरकार की दर मनपा की दर से कई गुना कम है। हाल ही में संपन्न हुई बजट महासभा में पूर्व महापौर गीता जैन ने सरकार के नए दर से वसूलने की मंजूरी मनपा में सत्ताधारी भाजपा ने महासभा में दी थी।

दो माह पूर्व दिसंबर में राज्य सरकार ने घनकचरा की नई दरें जारी की। इसमें 'क' और 'ड' वर्ग के मनपा क्षेत्र में प्रतिदिन १०० किलो से कम कचरा शुल्क वसूलने की मांग की थी। जिससे सत्ताधारी भाजपा ने घनकचरा शुल्क की दरें कम करने के संकेत दिए हैं।

### शिवसेना ने बिल जलाकर किया था निषेध आंदोलन
### पूर्व महापौर ने न्यायालय में जाने की दी थी चेतावनी

राज्य सरकार ने घनकचरा शुल्क की जो दर जारी की है वह मान्य है। उसके अनुसार ही निर्णय लिए जाएंगेष्ठ

**- एड. रवि व्यास (स्थाई समिति सभापति)**

नया घनकचरा शुल्क नागरिकों में कचरा के संबंध में योग्य आदत डालने के लिए वसूल किया जा रहा है। महानगरपालिका और नागरिकों के हित को ध्यान में रखकर, सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर दर कम करने का निर्णय लिया जाएगा।

**- बालाजी खतगावकर (आयुक्त मीरा- भाइंदर महानगरपालिका)**

## जिला नियोजन समिति की बैठक में बीजेपी सांसद ने पार्टी के विधायक पर बरसाए थे जूते

### जूतमपैजार के बाद बिगड़ा संत कबीरनगर जिले का माहौल

**(सी.एस. तिवारी)**

**संत कबीरनगर :** संत कबीरनगर जिले में जिला नियोजन समिति की बैठक में बीजेपी सांसद शरद त्रिपाठी और विधायक राकेश सिंह बघेल के बीच बुधवार को जमकर जूतमपैजार हुई थी। इस घटना के बाद विधायक के समर्थकों ने कलेक्ट्रेट में तोड़फोड़ की। रातभर विधायक के समर्थक कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठे रहे। गुरुवार को सुबह-सुबह विधायक के समर्थकों का गुस्सा फिर फूट पड़ा। उन्होंने कलेक्ट्रेट में फिर तोड़फोड़ की जिसके बाद जिला प्रशासन की तहरीर पर विधायक के समर्थकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश के संतकबीर



नगर जिले में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद शरद त्रिपाठी और मेहदावल विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक राकेश सिंह के बीच एक कार्यक्रम के दौरान जमकर मारपीट हुई थी। दोनों के बीच यह विवाद शिलापट्ट में बीजेपी सांसद शरद त्रिपाठी का नाम न होने के बाद शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि सांसद शरद त्रिपाठी ने जूता निकाल लिया और बीजेपी विधायक की जमकर पिटाई की। हैरानी वाली बात तो यह है कि इस दौरान मौके पर योगी सरकार के मंत्री आशुतोष टंडन भी मौके पर मौजूद थे। इस घटना का विडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। बीजेपी की जमकर फजीहत हुई और जिले का माहौल भी बिगड़ गया। गुरुवार को माहौल देखते हुए बस्ती जिले में होने वाली जिला नियोजन समिति की बैठक निरस्त कर दी गई। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को पहुंचना था लेकिन उन्होंने बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया। संतकबीर नगर कलेक्ट्रेट में विधायक समर्थकों ने गुरुवार को तोड़फोड़ की और जमकर नारेबाजी की। समर्थकों को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने पुलिस या प्रशासन के किसी भी अधिकारी की बात नहीं सुनी। समर्थकों के उपद्रव से परेशान होकर खलीलाबाद कोतवाली में पुलिस ने नाजिर की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## ठाणे शहर व परिसर की बढ़ती यातायात की समस्या के लिए कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार, मेट्रो रेलवे परियोजना को मान्यता

**मुंबई :** यातायात समस्या को दूर करने के लिए ठाणे शहर में मेट्रो रिंग रेलवे परियोजना पर अमल करने की कल राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। ठाणे की घनी बस्ती के भागों की यातायात समस्या को दूर करने में इस परियोजना से मदद मिलेगी। ठाणे शहर व परिसर की बढ़ती यातायात की समस्या के लिए कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार किया गया है। उसके अनुसार ठाणे मनपा ने इस परियोजना का मेट्रो मार्ग का सविस्तार प्रस्ताव मंजूर किया है। इस रिपोर्ट को सरकार ने मान्यता दी है। ठाणे शहर अंतर्गत रिंग मेट्रो रेलवे परियोजना में नए ठाणे से ठाणे के दरम्यान २९ किमी का अंतर है। इसमें से २० एलिवेटेड जबकि दो अंडरग्राउंड ऐसे कुल मिलाकर २२ स्टेशन होंगे। इस परियोजना पर तकरीबन १३ हजार ९५ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस परियोजना से २०२५ में प्रतिदिन ५ लाख ७६ हजार व २०४५ में प्रतिदिन ८ लाख ७२ हजार लोग यात्रा कर सकेंगे। नए ठाणे, रायला देवी, वागले चौक, लोकमान्य नगर बस डिपो, शिवाई नगर, नीलकंठ टर्मिनल, गांधी नगर, डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह, मानपाडा, डोंगरीपाडा, विजय नगरी, वाघबिल, वॉटर फ्रंट, पाटलीपाडा, आजाद नगर बस स्टेशन, कोलशेत, औद्योगिक क्षेत्र, बालकुम नाका, बालकुम पाडा, राबोडी, शिवाजी चौक, ठाणे स्टेशन को स्टेशन के लिए प्रस्तावित किया गया है।

## संपादकीय

# समाधान की ओर

राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को सभी पक्षों के बीच मध्यस्थता के जरिए सुलझाया जाए या नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अपना फैसला फिलहाल सुरक्षित कर दिया है। बुधवार को अदालत की पांच सदस्यीय संविधान पीठ के सामने इस मसले पर जो बहस हुई, उसमें एक मामले पर



अदालत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह मसले के समाधान की हरसंभव कोशिश करना चाहती है। अदालत ने यह भी कहा है कि यह किन्हीं दो पक्षों के बीच का नहीं, दो समुदायों का मसला है। यानी अदालत इसे सिर्फ विवादित जमीन की मिल्कियत का मामला ही नहीं मान रही, बल्कि इसके व्यापक प्रभाव पर भी ध्यान दे रही है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इस बात को भी समझा है कि इस मामले पर जो भी फैसला होगा, उसका असर देश के करोड़ों लोगों पर पड़ेगा। इसी नजरिए से मध्यस्थता की बात भी आ रही है। बुधवार की सुनवाई के दौरान अदालत की एक और टिप्पणी गौर करने लायक है। सुप्रीम कोर्ट यह मान कर चल रहा है कि बाबर ने क्या किया या अतीत में क्या हुआ, यह महत्वपूर्ण नहीं है, इसलिए कि अतीत में जो हुआ, उसे अब बदला या सुधारा नहीं जा सकता। जाहिर है कि इस मसले या इस विवाद को मौजूदा समस्या की तरह ही देखना होगा और इसी तरह से सुलझाना होगा।

जहां तक मध्यस्थता के जरिए मामले को सुलझाए जाने का मामला है, इस पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जे एस केहर की टिप्पणी गौर करने लायक है। जस्टिस केहर ने कहा है, 'देश के सामने दुनिया को यह दिखाने का एक बहुत बड़ा अवसर आया है कि हम विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच भी मध्यस्थता कर सकते हैं। यह देश के लिए भी अच्छा होगा। अगर हम धार्मिक स्तर पर मध्यस्थता कर लेते हैं, तो दुनिया को यह दिखा सकेंगे कि भारत किन सिद्धांतों पर खड़ा है।' अच्छी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट में इस तर्क को ज्यादा महत्व नहीं मिला कि मध्यस्थता की इससे पहले भी कोशिशें होती रही हैं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अदालत में माननीय न्यायाधीश ने यहां तक कहा कि मध्यस्थता नाकाम रहेगी, यह हमें पहले से ही मानकर नहीं बैठ जाना चाहिए।

अदालत ने इसे लेकर जो भी फैसला सुरक्षित किया है, उसे सामने आने में अभी कुछ वक्त लगेगा, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि इसकी जो बाधाएं हैं, सर्वोच्च न्यायालय उनको भी अच्छी तरह समझ रहा है। सबसे पहले तो इस मामले के जो तीन पक्ष हैं, उनमें से सभी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं हैं। सिर्फ सुन्नी वक्फ बोर्ड और निर्मोही अखाड़े ने ही मध्यस्थता को स्वीकार करने के लिए हामी भरी है, जबकि न तो रामलला विराजमान इसके पक्ष में है और न उत्तर प्रदेश सरकार। अदालत यह भी समझ रही है कि इन स्थितियों में ऐसे मध्यस्थ को ढूंढ़ना भी आसान नहीं होगा, जो सभी पक्षों को मान्य हो। फिर समाधान के इस रास्ते पर कुछ और संशय भी हैं, जिनका जिक्र न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बुधवार को किया भी। यह कहना कठिन है कि मध्यस्थता से जो फैसला सामने आएगा, उसे करोड़ों लोग आसानी से स्वीकार भी कर लेंगे। अंत में, इस मसले का फैसला मध्यस्थता से हो या फिर तारीख दर तारीख अदालती सुनवाई से, जरूरी यह है कि इस मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया जाए। इस पर न राजनीति हो, न जनज्वार बनाने की कोशिश और न ही फैसले को समय-सीमा के अंदर देने के लिए अदालत पर दबाव बनाया जाए।

# पकड़ा गया पाकिस्तान का झूठ, खुल गया आतंक के शीशमहल का राज

**भारतीय** वायु सेना ने हज़ार किलो बम कहां गिराया था? पाकिस्तान अभी तक लगातार ये दावे करता रहा कि बम जंगल में गिराए गए जिससे कोई नुकसानव नहीं हुआ. पाकिस्तानी मीडिया ने भी टीवी चैनलों पर जंगल, पहाड़ और टूटे दरख्त दिखा कर पाकिस्तानी सरकार की हां में हां मिलाया. लेकिन आज हम आपको दिखाते हैं कि आखिर जिस जगह बम गिरा था वहां था क्या? जी हां. जिसे पाकिस्तान पाकिस्तान जंगल बता रहा है, वो दरअसल आतंक का शीश महल था. शीश महल. यही नाम दिया था जैश के सरगना मसूद अज़हर ने अपने उस ट्रेनिंग कैंप का जिसपर बम गिरे. आतंक का ये महल कितना बड़ा और आलीशान था और बमबारी के बाद अब क्या हो गया. हम आपको बताते हैं.

वो कहते हैं २६ फरवरी को इंडिया ने जंगल में एयरस्ट्राइक की. तो फिर बालाकोट में ये आतंक का शीशमहल और मस्कीन महल किसका था. वो कहते हैं भारत के हमले में पेड़ और परिंदे मरे. तो फिर आतंक के महल में एक्टिव वो २८० मोबाइल फोन किसके थे. वो कहते हैं कि हमले की जगह पर आकर देख लो. कुछ नहीं हुआ. तो फिर ये मलबा ये टूटा सामान किसका था.

इंडियन एयरफोर्स पर उठने वाले हर सवाल का जवाब हैं वो तस्वीरें. जिनमें शीश महल, मस्कीन महल. वो इजाज़तनामा. वो रोड. वो हाई-वे. वो बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें. मदरसा आयशा सादिक और अल रहमत ट्रस्ट किसके थे.

पाकिस्तान के खैबर पख्तून के बालाकोट में ये वही थ्री स्टार टेरर कैंप था, जिसे हिंदुस्तान ने नेस्तो नाबूत कर दिया. और जिसे पाकिस्तान जंगल बताकर इंडियन एयरफोर्स की स्ट्राइक से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था. आज इस जगह की तस्वीरें खुद चीख चीख कर कह रही है. हां ये ही वो आतंक का सबूत हूं जिसे दुनिया तलाश रही है.



जैश-ए-मोहम्मद का इसी टेरर ट्रेनिंग कैंप पर २६ फरवरी की रात भारतीय वायुसेना ने यलगार बोला. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से करीब २०० किमी की दूर और नेशनल हाईवे १५ के ज़रिए बालाकोट में आतंक के इस शीश महल तक पहुंचा जा सकता था. तस्वीरें उसी नेशनल हाईवे-१५ की हैं.

अब ६ एकड़ में फैली फ़िदायीन फैक्ट्री को समझिए. जिसे आतंक का शीश महल कहा जाता था. दो मंज़िला इस इमारत में करीब ५ गुंबद और एक बेसमेंट थी. सामने से ये कुछ इस तरह दिखता था. सामने एक शाही गेट दिखाई पड़ता था. जिसमें छोटे बड़े करीब दर्जन भर मेहराब थे. जिसे आम ज़बान छोटा दरवाज़ा कह सकते हैं. और पीछे से आतंक का ये शीशमहल कुछ इस तरह दिखता था.

६ एकड़ के इस पूरे एरिये में शीश महल के अलावा दूसरी अहम जगह थी मस्कीन महल. इसके अलावा यहां आयशा सादिक नाम से एक मदरसा. फिज़िकल ट्रेनिंग के लिए एक बड़ा मैदान. आतंकियों के रुकने के लिए एक शानदार इजाज़तनामा. यानी कुल मिलाकर यहां ५ से ६ बिल्डिंगें थी. ६०० से ज्यादा आतंकियों के साथ साथ जैश के कमांडर भी यहीं रहा करते थे. इसके अलावा यहां ये एम्युनिशन डंप भी था. जिसमें आतंक की ट्रेनिंग और धमाकों में इस्तेमाल होने वाले हथियार और बारूद जमा किया जाते थे.

भारतीय वायुसेना के हमले के बाद अब आतंक की ये पूरी सल्तनत मलबे का एक ढेर है जिसे पाकिस्तान पूरी दुनिया से छुपाने की कोशिश कर रहा है. उसके खुद के पत्रकार टीवी पर शीशमहल वाली जगह को छोड़कर जंगल दिखा रहे हैं. जबकि इटली की एक पत्रकार फ्रेंसिस्का मरिनो ने द वीक में लिखा है कि बालाकोट में तबाही के सबूत मौजूद हैं.

अब पाकिस्तान भले कहता रहे कि मौका-ए-वारदात पर जंगल था या झाड़ी उससे कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं है. क्योंकि भारतीय वायुसेना ने आतंकी कैंपों को तबाह कर के अपना टारगेट पूरा कर लिया है. और अब बारी है मसूद अजहर जिसका बचना भी बेहद मुश्किल है. क्योंकि मिशन अभी बाकी है.

अब इसे भारत की कूटनीति का कमाल कहें या फिर कुछ और अब पाकिस्तान को भी पुलवामा हमले के गुनहगार आतंकियों पर शिकंजा कसना ही पड़ रहा है. नई खबर ये है कि पाकिस्तान ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े ४४ आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है. और इनमें मसूद अजहर के भाई मुफ्ती अब्दुल रऊफ और हम्माद अजहर समेत कई खूंखार चेहरे शामिल हैं.

सच्चाई ये भी है कि इन आतंकियों के नाम भारत की ओर से पुलवामा हमले को लेकर पाकिस्तान को सौंपे गए डोज़ियर में भी शामिल हैं, लेकिन पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री शहरयार अफरीदी का दावा है कि ऐसा किसी दबाव के चलते नहीं हुआ है. बहरहाल, कार्रवाई दबाव में हो या फिर पाकिस्तान ने अपने आप की हो, इतना तो कहा ही जा सकता है कि पाकिस्तान हर रोज़ अपनी हरकतों से खुद ही बेनक़ाब हो रहा है.

# रांची में टीचर की गला काटकर हत्या, कातिल का सुराग नहीं



**झारखंडः** झारखंड की राजधानी रांची में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब अज्ञात बदमाशों ने वहां एक स्कूल टीचर की गला काटकर हत्या कर दी. वारदात के वक्त टीचर अपने घर में अकेली थी. वह एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती थी. अब पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. अभी तक हत्यारे पुलिस की पहुंच से बाहर हैं. कत्ल का ये मामला रांची के थाना ओरमांझी इलाके का है. हैरानी की बात है कि मृतका का घर भी थाने से सिर्फ ५०० मीटर की दूरी पर है. मृतका की पहचान प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है. वह सिलदिरी गांव के आदित्य पब्लिक स्कूल में टीचर थी. पुलिस के मुताबिक मंगलवार की शाम जब प्रियंका की बड़ी बहन मिनी घर वापस आई तो घर के अंदर आते ही उसके होश उड़ गए. सामने उसकी बहन प्रियंका की खून से सनी लाश पड़ी थी. उसने चिल्लाकर पास-पड़ोस के लोगों को बुलाया और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई.

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने प्रियंका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आखिर उसका कत्ल क्यों और किसने किया. पुलिस ने मौके से मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है. अब पुलिस उसके नंबर की सीडीआर निकलवा रही है. ताकि उससे कातिल का कोई सुराग मिल सके.

# सवारी बनकर लूट ली कैब, पुलिस कार्रवाई से हुई बरामदगी



**दिल्ली:** दिल्ली में अपराधी कब और किस रूप में मिल जाएगा ये बता पाना मुश्किल है. दिल्ली में एक ओला कैब ड्राईवर सवारी को बैठा रहा था, तो उसे क्या पता था कि ये सवारी नहीं बल्कि लुटेरा है, जो मौका मिलते ही उसकी कैब को लूट लेगा.

वारदात दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके की है. २७ फरवरी की देर रात पुलिस को १०० नंबर पर फोन कर किसी ने जानकारी दी कि पंजाबी बाग इलाके में कुछ बदमाश एक ओला कैब लूट कर फरार हो गए. मौके पर पीसीआर के साथ-साथ पंजाबी बाग थाने की पुलिस भी पहुंच गई.

मौके पर पुलिस को ओला कैब का ड्राईवर मिला. उसने पुलिस को बताया कि बुद्ध विहार इलाके से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए उसने चार लोगों को गाड़ी में बिठाया था लेकिन उसकी कैब जैसे ही पंजाबी बाग इलाके में पहुंची तो गाड़ी में बैठे चार में से एक शख्स ने ड्राइवर को गाड़ी रोकने को कहा. उसने जबरदस्ती गाड़ी रोक कर उसे उतार दिया और सभी चार लोग गाड़ी लूटकर फरार हो गए. ड्राइवर के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली और कैब में लगे जीपीएस सिस्टम के जरिए गाड़ी को ट्रैक करना शुरू कर दिया.

साथ ही पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी फुटेज भी चेक करना शुरू कर दिया. पुलिस की एक टीम बुद्ध विहार के उस जगह पर पहुंची जहां से वो लुटेरे सवारी बन कर कैब में बैठे थे. वहीं से पुलिस को उन लुटेरों की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस की टीम दो लुटेरों तक पहुंच गई. दोनों विजय विहार के रहने वाले हैं. पुलिस का कहना है कि पकड़ में आए बदमाशों से पूछताछ की जा रही है ताकी इनके फरार साथियों का सुराग मिल सके. पुलिस ने दोनों के पास से लूटी गई ओला कैब भी बरामद कर ली है.

# बर्ड फ्लू का अब होगा खात्मा

**मुंबई :** पशु-पक्षियों को तेजी से अपना शिकार बनानेवाला एवियन इंफ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) पर अब नियंत्रण पाया जा सकता है। देश में एवियन इंफ्लूएंजा एच५एन१ के कई हमले हुए हैं और यह पॉल्ट्री के लिए चिंता का विषय बन गया था। बर्ड फ्लू का खात्मा करनेवाले विरकॉन एस नामक कीटाणुनाशक का परीक्षण पिछले दिनों सफल रहा है। पिछले दिनों बिहार में बर्ड फ्लू का कहर मुर्गी के बाद कौओं में भी देखा गया था।

बिहार के मुंगेर जिले की असरगंज तहसील के छह गांवों में मृत पक्षियों की आंतों में एवियन इंफ्लूएंजा एच५एन१ स्ट्रेन पाया गया था। अकेले मुंगेर जिले में बर्ड फ्लू से करीब १,४०० और पटना में १०० पक्षी मारे गए। देश के कई हिस्सों में बर्ड फ्लू से पक्षियों की मौत हुई थी।

# यूपी में भाजपा नेता पर हमला, अज्ञात हमलावरों ने मारी गोली



**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता रामसुंदर चौधरी की गाड़ी पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर दी. जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल चौधरी को इलाज के लिए फौरन सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है.

इस घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया. जिले के पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा नेता रामसुंदर चौधरी बुधवार को बहराइच-बलरामपुर रोड़ से होते हुए कहीं जा रहे थे. तभी रास्ते में अज्ञात हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी.

इस हमले में एक गोली उनके दाहिनी बांह को छूती हुई निकल गई. इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उनका इलाज चल रहा है. एसपी के मुताबिक डॉक्टरों ने बताया कि अब चौधरी खतरे से बाहर हैं. पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है. मामले की जांच की जा रही है. हमलावारों को पकड़ने का प्रायास किए जा रहे हैं. आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

गौरतलब है कि बीजेपी नेता रामसुंदर चौधरी को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए श्रवास्ती और बलरापुर का लोकसभा प्रभारी भी बनाया गया है. वह दो बार बहराइच के भाजपा जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं. इस घटना से बीजेपी कार्यकर्ताओं में खासा रोष है. हालांकि पुलिस तेजी से हमलवारों की तलाश कर रही है.

# नाबालिग से शादी कर लगातार करता था बालात्कार

**मुंबई :** मुंबई के उपनगर कांदिवली की रहने वाली एक १७ वर्षीय मुस्लिम समुदाय की नाबालिग बच्ची ने एक हिन्दू समुदाय के ३६ वर्षीय आरोपी के खिलाफ बलात्कार और अपहरण कर जबरन शादी का मामला दर्ज कराया है।

वही पालघर जिले के विरार पुलिस ने बच्ची की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए पालघर जिले पुलिस के प्रवक्ता हेमंत कुमार काटकर और विरार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरक्षक विवेक सोनावणे , सहायक पुलिस निरक्षक बी टी पंडाट ने कहा कि नाबालिग



बच्ची ने पुलिस को अपने बयान में कहा कि आरोपी अजय हरभजन सिंह (३६) ने उसके नाबालिक होने का गैर इस्तेमाल कर पीड़ित बच्ची के साथ छेड़छाड़, जबरन बलात्कार अपहरण कर पीड़ित बच्ची के साथ शादी रचाई। आरोपी ने पीड़ित बच्ची को साल २०१७ से लेकर साल २०१८ तक पालघर जिले के नालासोपारा के एक इमारत में ले जाकर जबरन बलात्कार करता था। इस बीच आरोपी ने बच्ची के साथ शादी भी रचा लिया।

जब इस मामले की भनक पीड़ित बच्ची की माँ को पता चला तो माँ ने पुलिस की मदत लेकर आरोपी के खिलाफ पालघर जिले के विरार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसके बाद विरार पुलिस ने आरोपी अजय हरभजन सिंह (३६) के खिलाफ आईपीसी की धारा ३७६(२) (एन) (बलात्कार) ३५४ (छेड़छाड़) ३६६ (अपहरण) ३४२ ( जबरन अपहरण कर कही जाने पर प्रतिबंध लगाना) ३२३ (मारपीट) ५०६ ( धमकाना) और (पनिशमेंट ऑफ सेक्सुअल चाइल्ड हॅरेसमेन्ट) धारा ६, और ८ के तहत मामला दर्ज कर आरोपी अजय हरभजन सिंह (३६) को गिरफ्तार कर लिया गया आगे की मामले की जांच पालघर जिले के विरार पुलिस स्टेशन के अधिकारी कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस की हिरासत में है।

## मुख्यमंत्री की ख्वाहिश से हुई यह दुर्गति, खडसे ने रोया दुखड़ा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की ख्वाहिश देखने के कारण मेरी यह दुर्गति हुई है। इस प्रकार का रोना पूर्व मंत्री व भाजपा नेता एकनाथ खडसे ने जलगांव में आयोजित एक कार्यक्रम में रोया। जलगांव जिले के सावदा में मुस्लिम समाज की ओर से 'एक शाम नाथभाऊ के नाम' यह मुशायरा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बोलते हुए खडसे ने उक्त बातें कहीं। मंत्री पद पिछले चालीस साल में अनेकों बार सुशोभित किया है, ऐसा खडसे ने कहा। खडसे की इस बात पर एक मुस्लिम कार्यकर्ता ने कहा कि आपको अब मुख्यमंत्री होना चाहिए। इस पर खडसे ने कहा कि मुख्यमंत्री की ख्वाहिश के कारण ही यह दुर्गति हुई है। इसके अलावा कोई अपराध नहीं किया है।


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email :

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000

Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। **संपादक** - दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी

**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,

**मो.** 9821287905, 9322248353-9167009629

Email : metrodinank@gmail.com

Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009

नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# संक्षिप्त न्यूज

## जेल चुनाव के लिए चल रही तैयारी, कैदी देंगे वोट

**कोलकाता,** लोकसभा चुनाव का ऐलान कभी भी हो सकता है। देशभर में चुनावी सरगर्मियां दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। हालांकि, इस सबसे बेखबर कोलकाता के प्रेसिडेंसी सुधार गृह के कैदियों के बीच एक अलग ही चुनाव की चर्चा चल रही है। यहां कैदियों के बीच उनके लोकल पंचायती चुनाव को लेकर माहौल बन रहा है। जानकारी के मुताबिक, इसी पंचायत के माध्यम से जेल में बंद कैदियों के मुद्दों को जेल प्रशासन के सामने उठाया जाता है। जेल सूत्रों के मुताबिक, पंचायत चुनावों के लिए १६ मार्च की तारीख तय की गई है। हालांकि, अभी तक उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल नहीं किया है। अभी कई वॉर्डों में उम्मीदवारों के चयन का काम चल रहा है।

बताया गया कि इस चुनाव में ना सिर्फ उम्मीदवार के सिलेक्शन पर ध्यान दिया जाता है, बल्कि उनके लोगो तैयार करने को भी काफी महत्व दिया जाता है। पिछली बार यह चुनाव साल २०१७ में हुआ था। एक जेल अधिकारी ने बताया कि इस चुनाव में राजनीति नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से मित्रवत भाव पर आधारित है। जो चुनाव में जीतते हैं, वे दूसरों को पार्टी देते हैं। सुधार गृह के नियमों के मुताबिक, जो किसी मामले में दोषी पाए गए हैं और जेल में सजा काट रहे हैं, वही वोट देने के योग्य हैं। अंडर ट्रायल कैदी इस चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकते हैं। बताया गया है कि १६ मार्च को सुबह ७ बजे से दोपहर ३ बजे तक वोटिंग चलेगी। चुनाव के अधिकारी जेल प्रशासन से चुने जाते हैं। इस चुनाव में कैदी ज्यादा से ज्यादा ६ उम्मीदवारों के लिए वोट कर सकते हैं।

## दो युवकों ने छात्रा से दुष्कर्म करने का किया प्रयास, विरोध करने पर पीड़ित को जिंदा जलाया, उम्रकैद

**कुशीनगर:** कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में छात्रा के घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने एवं असफल रहने पर आरोपियों ने पीड़ित छात्रा को जिंदा जला दिया था. घटना के ५ साल बाद अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने दोनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. दोनों आरोपी घटना के बाद से ही जेल में बंद थे. अतिरिक्त जिला शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय ने बताया कि वर्ष २०१४ में ९ अप्रैल को दिन में २ बजे के करीब छात्रा अकेली घर में थी. उसी दौरान तैयब और अमित उसके घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगे. छात्रा ने जब उनका विरोध किया तो दोनों ने मिट्टी तेल छिड़क कर उसके शरीर में आग लगा दी. वह जलते और चिल्लाते हुए घर से बाहर निकल सड़क की तरफ भागने लगी. लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया. वहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई. जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के दौरान मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसका बयान दर्ज कर लिया गया था. इस मामले में पुलिस ने धारा ३७६/५११, ३०२/३४ एवं पाक्सो एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया था. मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम लक्ष्मीकांत शुक्ल के न्यायालय में की गयी. इस मामले में कुल १५ गवाह न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रतुस्त हुए. दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुनते हुए दोनों आरोपियों को दोष सिद्ध ठहराते हुए उम्रकैद और अर्थदंड की सजा सुनाई है.

## दिव्यांग युवक ने ७ साल की बच्ची को दुष्कर्म के बाद नाली में मारकर फेंका, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कानपुर:** रसूलाबाद में एक ७ साल की बच्ची के साथ बलात्कार के बाद उसे मारकर नाले में फेंकने की घटना सामने आई है. छात्रा स्कूल से आकर खेतों में शौच के लिए गई थी उसके बाद से वो वापस नहीं आई. बहुत खोजने पर जब बच्ची कहीं नहीं मिली तो परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई. छानबीन के दौरान पुलिस ने गांव के मलखान नाम के दिव्यांग युवक को गिरफ्तार कर लिया. युवक से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म और मारकर नाले में फेंकने की बात कबूल कर ली.

पुलिस को नाली में से लड़की का शव मिला. बच्ची के लापता होने पर गांव के लोगों को मलखान पर पहले से ही शक था. लेकिन उसका परिवार काफी झगड़ालू है इसलिए कोई भी उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाया. मलखान पुलिस के साथ बच्ची को ढूंढने का नाटक करता था. गांव वालों ने पुलिस को बताया कि मलखान पहले भी दो बच्चियों के साथ छेड़ छाड़ कर चुका है. उसके परिजनों के दबाव पर मामले को दबा दिया गया था. गांव वालों के बयान के बाद पुलिस ने मलखान को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ की जिसके बाद पूरा मामला साफ हो गया. पुलिस ने आरोपी मलखान, उसके पिता और चाचा के खिलाफ हत्या और अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है. मुख्य आरोपी मलखान पुलिस हिरासत में है. अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है. बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## PUBG खेलने के चक्कर में युवक ने गलती से पिया एसिड, हालत गंभीर

**भोपाल:** ऑनलाइन गेम 'पबजी' खेलने की लत मध्य प्रदेश के एक युवक के लिए जानलेवा साबित हो गई. जहां पबजी खेलने में मशगूल युवक ने पानी पीने की बजाय बगल में रखा एसिड उठाकर पी लिया. जिसके बाद गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिलहाल युवक खतरे से बाहर बताया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक छिंदवाड़ा जिले के परासिया में एक युवक ऑनलाइन गेम पबजी खेल रहा था. इस दौरान उसे प्यास लगी तो उसने बगल में रखे पानी की बोतल की जगह एसिड का बोतल उठाकर पी लिया. हालांकि जब तक युवक को इस जानलेवा चूक का अहसास हुआ तब तक उसके पेट में एसिड पहुंच चूका था. एसिड से जख्म होने के फ़ौरन बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया. डॉक्टरो ने युवक का ऑपरेशन करके किसी तरह उसकी जान बचाई. फिलहाल युवक अभी अस्पताल में है. डॉक्टरों ने बताया कि एसिड की वजह से उसकी आंते चिपक गई थी. हालांकि अब उसकी हालत पहले से ठीक है और वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है. बता दें कि मोबाइल गेम पबजी अब बरबादी का कारण बन रही है. खासकर स्कूल और कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट्स इसके चक्कर में पढना-बाहर खेलना सबकुछ भूल जा रहे है. इसके अलावा कई मामलों में पबजी गेम क्राइम का कारण भी बन रहा है. यही कारण है कि गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा सहित कई राज्यों में पबजी गेम को बैन करने की मांग की जा रही है.

चाईनीज गेम पबजी अपने लांच के बाद से ही शानदार कामयाबी हासिल की है. इसे अब तक २० करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है. इसकी निर्माता टेन्सेंट गेम्स और पबजी कार्पोरेशन ने दुनियाभर में सबसे पहले चीन में यह गेम लांच किया था.

## गर्भवती पत्नी ने 'किस' करने के दौरान काट दी पति की जीभ

**नई दिल्ली :** दिल्ली में एक गर्भवती पत्नी ने किस (चुंबन) करने के दौरान जानबूझकर अपने पति की जबान काट दी. इस वजह से २२ वर्षीय व्यक्ति अपनी लगभग आधी जीभ खो बैठा. पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार रात को बाहरी दिल्ली के रनहोला इलाके की है. स्थानीय लोगों ने कहा कि महिला को लगता था कि उसका पति अच्छा नहीं दिखता है. इसलिए वह खुश नहीं थी. पुलिस ने कहा कि उनकी अक्सर लड़ाई होती थी. उन्होंने कहा कि पति का २२ वर्षीय गर्भवती पत्नी से झगड़ा हुआ था लेकिन बाद में दोनों में मिलाप हो गया. मगर जब उन्होंने किस किया तो महिला ने उसकी तकरीबन आधी जीभ काट दी. पुलिस को पीड़ित के पिता ने सूचित किया. व्यक्ति का सफदरजंग अस्पताल में ऑपरेशन किया गया है, लेकिन डॉक्टरों के मुताबिक, यह कहना मुश्किल है कि क्या वह दोबारा बोल पाएगा या नहीं. पुलिस ने बताया कि महिला को भारतीय दंड संहिता की धारा ३२६ (जानबूझकर किसी गंभीर हथियार या माध्यम से गंभीर चोट पहुंचना) के तहत गिरफ्तार किया गया है. इस धारा के तहत उम्र कैद तक की सजा हो सकती है. उन्होंने कहा कि महिला आठ महीने की गर्भवती है और उसे हिरासत में ले लिया गया है. दंपति की २० नवंबर २०१६ को शादी हुई थी.

वहीं एक अन्य मामले में दिल्ली में शाहदरा के कृष्ण नगर में शादी का प्रस्ताव ठुकराने से नाराज २४ वर्षीय युवक ने युवती और उसकी मां पर कथित रूप से हमला कर दिया. पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी लड़की पर शादी करने का दबाव बना रहा था, लेकिन लड़की की मां शादी के खिलाफ है क्योंकि वह बेरोजगार है.

# ६०० चोरी और ७ हत्याओं के आरोपी बदमाश जगतार को फरीदाबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद,** हरियाणा की फरीदाबाद पुलिस ने सोमवार को मुजेसर एरिया से जिन तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उनमें से एक जगतार गैंग का सरगना है। उस पर अपने साथियों के साथ मिलकर ७ हत्याएं और सैकड़ों चोरियां और लूट करने का आरोप है। क्राइम ब्रांच की पूछताछ में सामने आया है कि लूट और चोरी से आनी वाली ज्यादातर रकम को वह अय्याशी में उड़ा देता था। जगतार रात दिल्ली के रेड लाइट एरिया में या फरीदाबाद के किसी होटल में गुजारता था, जबकि सुबह होते ही मुजेसर एरिया में आकर फुटपाथ या रैन-बसेरे में ठिकाना ढूंढ़ लेता था। उसने ना तो कभी मोबाइल रखा और ना ही किराए पर घर लिया। दूसरे शहरों में आने-जाने के लिए साथियों से संपर्क किसी का भी मोबाइल मांग कर करता रहता था। कक्षा-३ तक पढ़े जगतार की उम्र ४२ साल है। उसने शादी भी नहीं की है। पुलिस रेकॉर्ड के मुताबिक उसने अपना आपराधिक सफर जून २००५ में कुरुक्षेत्र के एक कारोबारी की हत्या से शुरू किया। रैकी करने के बाद उसने कारोबारी से लाखों का कैश और जूलरी लूटी। इसके बाद पुलिस की नजरों से बचने के लिए भागा तो फिर शहर-दर-शहर भागता और चोरी-लूट करता रहा। इस दौरान वह कई जगहों पर आर्म्स ऐक्ट व चोरी के मामलों में पकड़ा भी गया, लेकिन जमानत पर छूटने के बाद फिर वारदातों को अंजाम देता रहा। फरीदाबाद में मुजेसर एरिया में वह पिछले दो साल से रह रहा था। इस दौरान उसने यहां अपने कई साथी बनाए।

### वारदात से पहले करता था काली का जाप

क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपित जगतार तंत्र-मंत्र में विश्वास रखता है। पूछताछ में बताया है कि हत्या व लूट करने से पहले वह काली का जाप करता था। ऐसा करने के लिए उसे किसी तांत्रिक ने बताया था। कद-काठी में दुबला पतला होने के चलते आरोपी जब भी लूट करने की कोशिश करता तो सामने वाले लोग हल्के में लेते थे। जगतार कई बार रुपये या जूलरी मांगता, नहीं देने पर सुआ भोंक देता या फिर चाकू मार देता।

### १० जेलों में बंद रह चुका है जगतार

जगतार कई बार पुलिस के हत्थे चढ़ा है। इसके बाद वह लुधियाना की सेंट्रल जेल, सिक्यॉरिटी जेल संगरूर, पटियाला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, जींद, सोनीपत, डासना गाजियाबाद, हरदोई और आगरा की जेल में बंद रहा।

### देशभर के शहरों में की चोरी और लूट

क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपी ने चोरी-लूट की घटनाएं अपने साथियों के साथ मिलकर देश के ५० शहरों में की हैं। इनमें मुंबई, गोवा, सिलीगुड़ी, औरंगाबाद, नरवाना, मोहाली, चंडीगढ़, रोहतक, दिल्ली, लुधियाना, सूरत, संगरूर, कुरुक्षेत्र, अंबाला, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद प्रमुख हैं।

### फरीदाबाद में करने वाला था हत्याएं

आरोपी जगतार ने क्राइम ब्रांच की पूछताछ में बताया है कि वह फरीदाबाद में तीन हत्याएं करने की योजना बना चुका था। इसमें एक अभी हाल ही में जेल से बाहर आया युवक व दो सगे भाई थे।

### इन हत्याओं का किया खुलासा

१- २९ अप्रैल २०१८ को मुजेसर इंडस्ट्रियल एरिया में अरविंद नाम के युवक की हत्या। आरोप जगतार व उसके साथी जहांगीर पर।

२- ८ नवंबर २०१८ सूरत के कौशम्भा में हत्या कर कपड़ा कंपनी में लूट। क्राइम ब्रांच के मुताबिक इसमें जगतार व उसके साथी प्रेमनाथ, गणेश गिरी व मिथिलेश मिश्रा शामिल थे।

३- ८ नवंबर २०१५ कुरुक्षेत्र में एक घर में घुसकर एक औरत की हत्या कर जूलरी लूटी। आरोप जगतार पर।

४- २१ अगस्त २०१८ को पंजाब के संगरूर में बर्फ तोड़ने वाले सुए से कबाड़ गोदाम मालिक पर वारकर हत्या व लूट। आरोप जगतार पर।

५- १४ जून २००५ को कुरुक्षेत्र में कारोबारी की हत्या कर उसके घर में लूट। क्राइम ब्रांच के मुताबिक यह लूट और हत्या अकेले जगतार ने की।

६- २०१६ में पलवल रेलवे स्टेशन पर लूट का विरोध करने पर युवक की हत्या। आरोपित में जगतार अकेले है।

७- २०१६ में दिल्ली के नरेला रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति की हत्या कर ५० हजार रुपये की लूट। इसमें क्राइम ब्रांच ने आारोपी जगतार और जहांगीर को बनाया है।

## बार-बार रेप के बाद गर्भवती हुई १० साल की बच्ची

### १२ वर्षीय नाबालिग के खिलाफ मामला दर्ज

**पालघर :** महाराष्ट्र में पालघर जिले के एक गांव में १० वर्षीय बच्ची के साथ एक नाबालिग ने कथित तौर पर बार-बार बलात्कार किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। पुलिस ने बताया कि बच्ची के माता-पिता के शिकायत दर्ज कराने के बाद १२ वर्षीय एक नाबालिग के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मोखाडा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, 'दोनों नाबालिग पड़ोसी हैं। शिकायत के मुताबिक लड़का पिछले चार महीने से बच्ची से बलात्कार कर रहा था।' अधिकारी ने बताया कि कुछ दिन पहले बच्ची ने पेट दर्द की शिकायत की। उसके माता-पिता जब उसे डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गए तो उन्होंने उसके गर्भवती होने की बात कही। पीड़िता के माता-पिता ने जब उससे पूछा तो उसने घटना की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने लड़के के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि लड़के के खिलाफ भादंवि की धारा ३७६ और पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार लड़के को अभी हिरासत में नहीं लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## फैमिली सैलून की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट, पुलिस ने छापा मार किया भांडाफोड



फैमिली सैलून की आड़ में चलने वाले सेक्स रैकेट का भांडाफोड़ किया है। नागपुर पुलिस की समाज सेवा शाखा ने सैलून में छापा मार के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने तीन लडकियों को इस चंगुल से बताया। डमी ग्राहक भेज कर पुलिस ने इस फैमिली सैलून में चल रहे गैर व्यवहार का भांडाफोड किया है।

नागपुर के अंबाझरी इलाके में लोटस बिल्डिंग के स्वॉन फैमिली सैलून है। नागपुर पुलिस को जानकारी मिली थी कि स्वॉन फैमिली सैलून युनीसेक्स में देह व्यापार का धंधा चलता है। शालिनी और तुषार नामक व्यक्ति सैलून में सेक्स रैकेट चलाते हैं। इस खबर के बाद पुलिस ने छापा मारकर रैकेट का भांडाफोड किया है। पुलिस ने एक डमी ग्राहक को इस सैलून में भेजा था, ग्राहक अंदर जाते है उन्होंने तीन लडकियां उस के सामने लायी। तभी डमी ग्राहक ने पुलिस को सूचना दी, फिर पुलिस ने अपने टीम के साथ छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दो आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। इस छापेमारी के वक्त पुलिस ने तीन लडकियों को भी वहां से आजाद कराया। समाज सेवा शाखा के अधिकारियों ने आरोपी शालिनी लक्ष्मण कांबले (३६ साल) और तुषार कन्हैया परसावणी (२४ साल) इन्हें गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा ३७०, ३४ और सब सेक्शन ३,४,५,७ के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी शालिनी नागपुर के महेश नगर, मानकापुर इलाके की निवासी है। जबकि आरोपी तुषार महेश नगर, नागपुर का निवासी है। पैसों के लालच में दोनों यह सेक्स रैकेट चला रहे थे। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है और जांच शुरू की।

## कैदी से बदला लेने के लिए निर्दोष महिला को बनाया शिकार, रेप के बाद की हत्या, हुआ खुलासा

**नई दिल्ली :** २७ फरवरी को राजधानी दिल्ली के सरिता विहार में हुई हत्या की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने २५ साल की महिला की बलात्कार के बाद गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। महिला का शव २७ फरवरी को रेलवे ट्रैक पर मिला था।पुलिस ने बताया कि गैंगरेप और उसके बाद हत्या के पीछे का मकसद किसी को फंसाना था। सौरभ भारद्वाज, ३० वर्षीय चंदरकेश और २५ वर्षीय रहीमुद्दीन ने पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार किया है।

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी धीरेंद्र फरार चल रहा है और आगे की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी धीरेंद्र के इशारे पर बाकी तीनों ने अपराध को अंजाम दिया, जो तिहाड़ जेल में मिले एक कैदी से बदला लेना चाहता था।बाद में उन्होंने एक निर्दोष महिला को निशाना बनाया। जिसके लिए धीरेंद्र ने तीन व्यक्तियों को इस्तेमाल किया।

महिला की हत्या के बाद उन्होंने पुलिस को गुमराह करने के लिए महिला के शरीर पर एक हत्या नोट छोड़ दिया। हत्या की साजिश धीरेंद्र ने जेल से बाहर आने के बाद रची थी। जेल में धीरेंद्र की दुश्मनी बंटी से हो गई थी, जिसका धीरेंद्र बदला लेना चाहता था। धीरेद्र का मकसद महिला की हत्या में बंटी के भाई को फंसाना था। आरोपियों ने पहले महिला को एक अपार्टमेंट में नौकरी के इंटरव्यू के लिए बुलाया। जब वह वहां पहुंची तो धीरेंद्र, दिनेश और सौरभ ने उस पर हमला किया।

## १३ पुलिसकर्मियों की रिहाई रद्द, दोबारा गिरफ्तारी संभव

**मुंबई:** कुख्यात अपराधी लखन भैया के २००६ में फर्जी एनकाउंटर केस में सजा काट रहे ११ पुलिसवालों को दो साल पहले रिहा करने के महाराष्ट्र सरकार के आदेश को बुधवार को मुंबई उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया। इस मामले में कोर्ट ने १३ पुलिसवालों समेत २१ लोगों को दोषी ठहराया था। न्यायाधीश बी.पी. धर्माधिकारी और रेवती मोहिते ढेरे ने महाराष्ट्र सरकार के इस आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि कानून की भाषा में यह विकृत है। कोर्ट के इस आदेश के बाद रिहा किए गए पुलिसकर्मियों को पुन: गिरफ्तार किया जा सकता है। लखन भैया फर्जी एनकाउंटर केस में २०१३ में सेशन कोर्ट ने २१ लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने ११ नवंबर, २००६ को गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैय्या की एक फर्जी मुठभेड़ में हत्या कर दी थी। यह मुठभेड़ अंधेरी वेस्ट में नाना-नानी पार्क के बाहर हुई थी। लखन भैया १२ हत्याओं सहित १९ मामलों में आरोपी था। मामले की सुनवाई कर रहे जजों ने कहा 'ऐसा लगता है कि सरकार ने इन ११ दोषियों की रिहाई इनके द्वारा पेश पक्षपातपूर्ण रिपोर्ट के आधार पर की है। सरकार के आदेश की न्यायिक समीक्षा जरूरी है, अन्यथा ऐसा लगेगा कि पीड़ित के साथ न्याय नहीं हुआ। कोर्ट ऐसे मनमाने और पक्षपातपूर्ण फैसलों की अनदेखी नहीं कर सकता है। ऐसा लगता है कि इस मामले में सेशन कोर्ट के जज, पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक और पुलिस कमिश्नर भी शामिल हैं, क्योंकि इन्हीं की रिपोर्ट के आधार पर इन दोषी पुलिसकर्मियों को जेल से रिहा किया गया। इस मामले में ३ पुलिसकर्मियों को हत्या का दोषी ठहराया गया है, वहीं १० को अपराध में मदद करने के लिए सजा दी गई है। ८ आम लोगों को भी दोषी पाया गया। इस सजा के बाद दोषियों ने महाराष्ट्र सरकार से यह मुकदमा जल्द चलाने की मांग की। पुलिसकर्मियों के खराब स्वास्थ्य और परिवार में पुरुष सदस्य के न होने को रिहा करने का कारण बताया। दिसंबर, २०१५ में महाराष्ट्र सरकार ने इन ११ दोषियों की सजा निलंबित कर दी।



# जल से आए जिहादी जल्लाद तो खैर नहीं, नेवी कसेगी नकेल

## जल से किया हमला तो बना देंगे जलसमाधि!



मेट्रो दिनांक संवाददाता

**मुंबई :** भारी दबाव में भले ही पाकिस्तान ने हमारे जांबाज पायलट अभिनंदन को सुरक्षित वापस कर दिया हो पर इसके बावजूद टेंशन बना हुआ है। पाकिस्तान के टोही विमान एक्टिव हैं और कराची पोर्ट पर पाकिस्तानी नेवी में भी हलचल मची हुई है। इस बीच मसूद अजहर के भाई ने भी बालाकोट का बदला लेने की बात दोहराई है। कल पाकिस्तान ने यह झूठ बोलकर दुनिया का ध्यान खींचने की कोशिश की कि एक भारतीय नौसेना की पनडुब्बी उसके जल क्षेत्र में घुस गई थी। इस हाईटेंशन माहौल के बीच नेवी चीफ एडमिरल सुनील लांबा ने यह कहकर चौंका दिया है कि पाकिस्तान समुद्र के रास्ते आतंक फैलाने की ट्रेनिंग दे रहा है। मुंबई हमेशा से आतंकियों की सॉफ्ट टारगेट रही है इसलिए लांबा की बात को हल्के में नहीं लिया जा सकता। मगर रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार चिंता की कोई बात नहीं है और दुनिया में चौथे नंबर की हमारी नेवी, पाकिस्तानी नेवी के किसी भी हमले या जल से आनेवाले जिहादी जल्लादों के हमले पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से अलर्ट है। मुंबई की तरफ देखना तो दूर, भारतीय जल क्षेत्र में घुसते ही उनका नॉक आउट ऑपरेशन कर दिया जाएगा।

एलओसी पर पिछले कई दिनों से पाकिस्तान की ओर से लगातार फायरिंग जारी है। अपने एफ-१६ विमानों के जरिए पाकिस्तान हमारे वायु क्षेत्र में घुसपैठ कर हमले की नाकाम कोशिश कर चुका है इसलिए हो सकता है कि अब वह जलमार्ग से कोई हमला करे। कल एडमिरल सुनील लांबा ने यह कहकर कि पाकिस्तान जलमार्ग से हमले के लिए आतंकियों को ट्रेनिंग दे रहा है, इस बात के स्पष्ट संकेत दे दिए। अब हर मुंबईकर के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि अगर पाकिस्तान ने हमला किया तो हमारी नेवी उसका सामना करने में कितनी सक्षम है? इस बारे में रक्षा अधिकारियों का कहना है कि हमारी नेवी के सामने पाकिस्तान की एक तो हिम्मत नहीं है कुछ कर करने की। और अगर उसने जलमार्ग से कोई हमला करने की कोशिश की तो हमारी नेवी उनके पोतों और पनडुब्बी की जलसमाधि बना देगी।

अमेरिका, रूस और चीन के बाद दुनिया में भारतीय नौसेना का नंबर आता है। हमारी नौसेना के पास एक विमानवाहक समेत करीब ३०० पोत, १५ पनडुब्बियां आदि हैं। इसके बेड़े में ११ डिस्ट्रॉयर, १४ फ्रिगेट्स, २२ कॉर्वेट्स, १६ पनडुब्बियां, १३९ गश्ती पोत और चार बारूदी सुरंगों का पता लगाने और उनको तबाह करनेवाले पोत हैं। वेटरन नेवल ऑफिसर कैप्टन डी के सिंह कहते हैं कि हमारी नेवी अरब सागर की किंग है। यह किसी भी दुश्मन को पलक झपकते ढेर करने में सक्षम है। हमारे विध्वंसक पोत खतरनाक मिसाइलों से लैस हैं जो जमीन से जमीन, हवा और जल तीनों तरफ मार कर सकते हैं। कैप्टन सिंह बताते हैं कि हमारी नेवी के पास इस समय इस तरह डिस्ट्रॉयर श्रेणी के ११ पोत हैं। इनसे कुछ छोटी होती हैं फ्रिगेट। इस श्रेणी के १४ पोत सुरक्षा के लिए तैयार हैं। नेवी के पास २ परमाणु चलित पनडुब्बी के साथ कुल १५ पनडुब्बियां मौजूद हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में विमानवाहक विक्रमादित्य का कोई मुकाबला ही नहीं है। वह एक चलता-फिरता शहर है जिसके ऊपर रनवे है और वहां करीब तीन दर्जन लड़ाकू विमान दुश्मन के विमान को मार गिराने के लिए अलर्ट पोजिशन में रहते हैं।

### अगले साल स्वदेशी विमानवाहक

देश का पहला स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत 'विक्रांत' अपने निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच गया है और इसका समुद्री परीक्षण अगले साल होगा। कुछ दिनों पूर्व नौसेना चीफ एडमिरल सुनील लांबा से जब चीन के अपनी नौसैनिक क्षमता तेजी से बढ़ाने के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था, '२०५० तक हमारे पास भी २०० जहाज, ५०० विमान और एक विश्वस्तरीय नौसेना होगी।' एडमिरल के अनुसार सरकार ने नौसेना में ५६ नए जंगी जहाजों और ६ पनडुब्बियों को शामिल करने की योजना को मंजूरी दे दी है।

### खतरनाक मारक क्षमता

भारतीय नौसेना की मारक क्षमता विश्वस्तरीय है। हमारी नौसेना के पास ऐसे घातक हथियार हैं, जिनका नाम सुनने भर से पाकिस्तानी नौसेना की पतलून गीली हो जाती है। सबसे खतरनाक मिसाइल ब्रह्मोस शामिल होने के बाद हमारी नेवी काफी शक्तिशाली हो गई है। इसके अलावा नेवी के पास स्वदेशी पृथ्वी मिसाइल भी मौजूद है। पृथ्वी-३ तो खासतौर पर नेवी के लिए ही बनाई गई है, जो परमाणु हथियार के अलावा ५०० से १००० किलो तक के बम ले जाने में सक्षम है। इजरायली बराक मिसाइल भी नेवी के पास है और बराक-८ भी जल्द ही नेवी को मिल जाएगी। हारपुन, एक्सोसेट मिसाइल व एमके-४ तारपीडो पहले से नेवी के प्रमुख हथियार रहे हैं। इसके अलावा पनडुब्बी से छोड़ी जानेवाली सागरिका (के-१५) जल की रानी है, जो १००० किलो तक के बम के साथ ७५० किमी दूर का लक्ष्य भेद सकती है। डीआरडीओ फिलहाल के-४ मिसाइल का परीक्षण कर रहा है जिसकी रेंज साढ़े तीन हजार किलोमीटर है। यह मिसाइल यहीं से सीधे कराची पोर्ट को हिट कर सकती है।

### दुश्मन का काल 'ब्रह्मोस'

दुनिया का सबसे खतरनाक मिसाइल 'ब्रह्मोस' हमारी नौसेना के पास आ चुकी है। यह भारत और रूस का साझा उपक्रम है और इसका नाम ब्रह्मपुत्र और मस्कवा नदी को मिलाकर रखा गया है। मध्यम दूरी तक मार कर सकनेवाली ब्रह्मोस दुश्मन का काल है और इसकी स्पीड करीब ५ हजार किमी प्रति घंटा है। इसके हाइपरसोनिक वर्जन का विकास हो रहा है, जिसकी स्पीड ७ से ८ हजार किमी प्रति घंटे तक है। ब्रह्मोस की खासियत यह है कि इसे हवा, पोत, जमीन और जल के भीतर यानी पनडुब्बी से भी लांच किया जा सकता है, इसमें २०० से ३०० किलो तक के बम लादे जा सकते हैं।

भारत को पूर्व में चीन और पश्चिम में पाकिस्तान के साथ सीमा सुरक्षा को लेकर खतरा बना रहता है। समुद्र में दुश्मनों को चुनौती देने के लिए हमारी नौसेना ने स्कॉर्पियन श्रेणी की नई पनडुब्बी 'करंज' को गत वर्ष शामिल किया है। यह एक स्वदेशी पनडुब्बी है, जो 'मेक इन इंडिया' के तहत तैयार की गई है। स्कॉर्पियन श्रेणी की दो पनडुब्बियों आईएनएस 'कलवरी' और आईएनएस 'खांदेरी' के बाद आईएनएस 'करंज' तीसरी पनडुब्बी है। 'करंज' टॉरपीडो और एंटी शिप मिसाइलों से हमले भी कर सकती है। यह पानी के अंदर भी हमला कर सकती है। साथ ही इसमें पानी के अंदर से सतह पर दुश?मन पर हमला करने की खासियत भी है। यह पनडुब्बी हर तरह के वॉरफेयर, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर और इंटेलिजेंस को इकट्ठा करने जैसे कामों को भी बखूबी अंजाम दे सकती है।

# कुर्ला, कल्याण, ठाणे स्टेशन, मौत के मुहाने पर

**मुंबई :** मुंबई में रेल हादसों की जद में आकर सालाना हजारों लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। ट्रेसपासिंग, लोकल की छत पर यात्रा, भीड़ के दौरान ट्रेन से गिरने जैसे हादसों को रोकने के लिए रेलवे तमाम दावे करती है लेकिन मौत का यह आंकड़ा कम होने की बजाए बढ़ता ही जा रहा है। जबकि इन हादसों को रोकने के लिए करोड़ों रुपए ट्रेसपासिंग योजना के तहत रेलवे फूंक रही है। साल २०१९ के शुरुआत के दो महीनों में कुर्ला, कल्याण और ठाणे स्टेशन सफर करनेवाले यात्रियों के लिए मौत के मुहाने पर रहा है।



बता दें कि साल २०१९ के जनवरी और फरवरी महीने में कुर्ला में ६९, कल्याण में ४८ और ठाणे में ४८ लोगों ने अपनी जान गवाई हैं। दो महीनों में सबसे अधिक मौतें इन्हीं स्टेशन पर हुई हैं। नए वर्ष २०१९ के दो महीनों में कुल ४१७ लोगों ने मुंबई लोकल की चपेट में आकर अपनी जान गवां दी। इनमें ४३ महिला और ३७४ पुरुष शामिल थे, वहीं इन दो महीनों में ४०० लोग घायल हुए। इनमें ३२४ पुरुष और ७३ महिला शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में जा रही लोगों की जान के बावजूद कहीं कोई बड़ी हलचल नजर नहीं आ रही। इस बारे में रेलवे एक्टिविस्ट भावेश पटेल कहते हैं कि हादसे बुरे होते हैं, नहीं होने चाहिए। मैं दावे के साथ कहता हूं कि अगर रेलवे के अधिकारी गंभीरता से मौतें रोकना चाहें तो इनमें भारी कमी आ सकती है। २०१८ में कुल २,९९३ लोगों ने जान गंवाई। इनमें से २,६५५ पुरुष और ३३७ महिलाएं शामिल हैं। इसके साथ ही ३,३०७ लोग घायल हो गए। इनमें २,६१४ पुरुष और ५९६ महिलाएं शामिल हैं। रोज १० लोगों की मौत एक बड़ा हादसा है।

अंधेरी १५, बांद्रा २०, बोरीवली २७, चर्चगेट ५, कुर्ला ६९, सीएसटीएम २१, दादर में २४, डोंबिवली २८, कल्याण ४८, कर्जत में ०, मुंबई सेंट्रल २४, पालघर में १८, पनवेल ८, ठाणे ४८, वाशी २४, वसई २७ और वड़ाला में ११ लोगों ने जान गंवाई।

# मुख्यमंत्री की ख्वाहिश से हुई यह दुर्गति, भाजपा नेता एकनाथ खडसे ने रोया दुखड़ा



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की ख्वाहिश देखने के कारण मेरी यह दुर्गति हुई है। इस प्रकार का रोना पूर्व मंत्री व भाजपा नेता एकनाथ खडसे ने जलगांव में आयोजित एक कार्यक्रम में रोया। जलगांव जिले के सावदा में मुस्लिम समाज की ओर से 'एक शाम नाथभाऊ के नाम' यह मुशायरा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बोलते हुए खडसे ने उक्त बातें कहीं। मंत्री पद पिछले चालीस साल में अनेकों बार सुशोभित किया है, ऐसा खडसे ने कहा। खडसे की इस बात पर एक मुस्लिम कार्यकर्ता ने कहा कि आपको अब मुख्यमंत्री होना चाहिए। इस पर खडसे ने कहा कि मुख्यमंत्री की ख्वाहिश के कारण ही यह दुर्गति हुई है। इसके अलावा कोई अपराध नहीं किया है।

बता दें कि खडसे पर भोसरी स्थित करोड़ों रुपए की जमीन खरीदी मामले में घोटाले का आरोप लगा था, जिसके कारण खडसे को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। मामले की जांच हुई, जांच रिपोर्ट भी आ गई है। इसके बावजूद उन्हें पुन: मंत्रिमंडल में नहीं लिया गया। मंत्रिमंडल में नहीं लिए जाने को लेकर कई बार खडसे ने सार्वजनिक सभा और विधानसभा में अपनी सफाई पेश की। कई बार भाजपा छोड़ने की भी चर्चा चली परंतु खडसे आज भी भाजपा में रहकर अपना दुखड़ा रो रहे हैं।

# लोकेशन से लोकेट हुआ हत्यारा, कोलकता में हत्या, मुंबई में गिरफ्तारी






**मुंबई :** कोलकाता में हुई एक हत्या के मामले पिछले डेढ़ माह से फरार आरोपी को वडाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम दालिम अलाउद्दीन शेख है।गौरतलब है कि कोलकाता के बेहरामपुर पुलिस की हद में गत डेढ़ माह पहले हत्या की एक घटना घटी थी। यह मामला बेहरामपुर पुलिस ने अपराध क्रमांक ४०/२०१९ भादंवि ३०२,३२६,३०७,३४ भादंवि व २५ (आई) (ए) के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में दालिम अल्लाउद्दीन शेख (३५) पिछले डेढ़ माह से फरार था। पुलिस सूत्रों के अनुसार बेहरामपुर मुर्शिदाबाद पुलिस थाने के पुलिस अधिकारी आरोपी का लोकेशन ट्रेस कर उसकी तलाश कर रहे थे। कल उक्त आरोपी का लोकेशन टॉवर मुंबई वडाला पुलिस की हद के बंगालीपुरा का ट्रेस हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बेहरामपुर पुलिस ने वडाला पुलिस से संपर्क कर आरोपी का लोकेशन दिया। वडाला पुलिस उपनिरीक्षक शंकर राऊत, पुलिस हवलदार राजाराम पगारे, पुलिस नाइक नीलेश चौधरी, सुशांत तिलक, देवीदास पगारे व सुहास कांबले जांच-पड़ताल करते हुए आरोपी तक पहुंच गए। आरोपी अंटॉप हिल इलाके में कड़िया का काम करता पकड़ा गया, जिसकी जानकारी पुलिस ने कोलकाता पुलिस को दी। कोलकाता पुलिस वडाला पहुंचकर आरोपी दालिम अलाउद्दीन शेख को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने लोकेशन को लोकेट करने के बाद आरोपी को दबोच पाई है।

# मनपा का अंडरग्राउंड सफाई मिशन,गोराई और एलटी मार्ग पर लगेंगे अंडरग्राउंड डस्टबिन

**मुंबई :** मुंबई से कचरे को अंडरग्राउंड करने के लिए मनपा द्वारा बनाए गए अंडरग्राउंड डस्टबिन का मिशन सफल साबित हो रहा है। गिरगांव चौपाटी पर लगाए गए अंडरग्राउंड डस्टबिन से मिल रहे सकारात्मक प्रभावों के बाद अब मनपा गोराई और लोकमान्य तिलक मार्ग पर भी अंडरग्राउंड डस्टबिन लगाने जा रही है।




बता दें कि दक्षिण मुंबई में अंडरग्राउंड डस्टबिन लगाने के बाद मनपा ने पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्रों में भी अंडरग्राउंड डस्टबिन लगाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके तहत गोराई और लोकमान्य तिलक मार्ग पर भी अंडरग्राउंड डस्टबिन लगाएं जाएंगे। मनपा अति आयुक्त विश्वास शंकरवार ने बताया कि सामान्य कूड़ेदानों से कचरा बाहर निकलता रहता है और कचरे की दुर्गंध आस-पास के वातावरण को प्रदूषित करती है।

ऐसे में अंडरग्राउंड डस्टबिन दुर्गंध और गंदगी से बचने में मदद करेगा।ऐसे में कचरा भर जाने पर इन डस्टबिन को नियमित रूप से खाली किया जाएगा। चर्नीरोड स्थित अमिता पाटील ने बताया कि गिरगांव में लगे अंडरग्राउंड डस्टबिन को देखकर वो काफी खुश हैं। यदि इस तरह के डस्टबिन पूरी मुंबई में लग जाएं तो श्वसन रोगियों को सहायता मिलेगी।

मनपा द्वारा एक डस्टबिन पर ७ से ८ लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

# बीजेपी का चुनावी आगाज

## विजय संकल्प रैली में दिखा कार्यकर्ताओं में जोश





मंजु तिवारी

**मुंबई,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठाने के लिए बीजेपी ने तैयारी शुरू कर दी है। अभी लोकसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। मगर मुंबई बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की ६ लोकसभा सीट का असर मुंबई से सटे ठाणे, पालघर की ४ सीटों पर प्रभाव पड़ता है, इसी का संज्ञान लेते हुए रविवार को मुंबई में बीजेपी में विजय संकल्प बाईक रैली निकाली। विजय संकल्प बाईक रैली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस स्वयं शामिल हुए।यह बाईक रैली छह लोकसभा ३६ विधानसभा क्षेत्र में निकाला गया। भारतीय जनता पार्टी बोरीवली विधानसभा की ओर से रविवार को 'विजय संकल्प महा बाईक रॅली' का आयोजन किया गया था। सारे बाईक धारकों को लेकर सुबह जन. अरूणकुमार वैद्य मैदान, एम.एच.बी कॉलनी, बोरीवली (प) से मेरे हाथों हरी झंडी दिखाकर 'महा बाईक रॅली' की शुरुआत हुई. मैने मा. शिक्षा व क्रिडा मंत्री श्री विनोद तावडेजी के साथ अपने कार्यकर्ता ओं को लेकर बाईक चलाकर इस महा बाईक रॅलीमे हिस्सा लिया।

*मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी* Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com